तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

### 18965 नग नशीली दवा की जब्त

# उत्तरप्रदेश से नशीली दवाएं लाकर खपाने वाले गिरोह का फूटा भांडा, 8 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नशे का अवैध कारोबार करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। जहां उत्तर प्रदेश के वाराणसी से नशीली टेबलेट लाकर जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खपाने का काम किया करते थे। पुलिस ने इस गिरोह के कुल 8 लोगों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है जिसमें वाराणसी उत्तरप्रदेश के दो आरोपी भी शामिल है।

**खास बात**

- पकड़े गए आरोपियों में वाराणसी के रहने वाले दो लोग



पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए कोरबा निवासी 6 आरोपी।



वाराणसी से आए दो आरोपी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि जिले के अलग-अलग क्षेत्र में नशीली टेबलेट का कुछ लोग अवैध कारोबार कर रहे हैं। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने इस गिरोह की धरपकड़ के लिए पुलिस के अधिकारियों को फरमान जारी किया था जिसके बाद पुलिस की अलग-अलग टीम मामले की तहकीकात में जुटी थी और मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया था। इस बीच पुलिस के अधिकारियों को मुखबीर से सूचना मिली कि शहर के पॉम मॉल के दवाई की खेप आने वाली है फिर क्या था पुलिस के अधिकारियों की टीम ने मुखबीर के बताए गए स्थान पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। जहां पुलिस ने इस गिरोह के सरगना बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकाबूड़ा निवासी संगीत पटेल को हिरासत को लेकर कड़ी पूछताछ की। फिर क्या था एक-एक कर राज खुलता गया और पुलिस ने इस गिरोह में शामिल कुल 6 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की और पकड़े गए आरोपियों में क्रमशः चाकाबुड़ा निवासी संगीत कुमार पटेल उम्र 31 वर्ष पिता संतोष पटेल, गोपाल यादव उर्फ मलिंगा उम्र 31 वर्ष पिता रामदयाल यादव, झाबर अटल चौक दीपका निवासी सुरेश कुमार यादव उम्र 26 वर्ष पिता धीरसाय यादव, अमरैयापारा नोनबिर्रा निवासी सैफ खॉन उर्फ चांद उम्र 31 वर्ष पिता सहीद खॉन, ग्राम पखनापारा निवासी अभिषेक कुमार रात्रे उम्र 21 वर्ष पिता जशवंत कुमार, चाकाबुड़ा निवासी अमित कुमार भारद्वाज उर्फ ददू उम्र 23 वर्ष पिता आनंदराम भारद्वाज व इनकी निशानदेही पर पुलिस ने उत्तरप्रदेश वाराणसी में छापेमारी की कार्यवाही की। पकड़े गए आरोपियों में राजा बाजार नंदेसर वाराणसी निवासी अजय कुमार कनौजिया उम्र 32 वर्ष पिता बद्रीप्रसाद, सर्किट हाउस गोविंद नगर कॉलोनी वाराणसी निवासी शांतनु जैसवाल पिता ज्ञानेश्वर प्रसाद शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 18965 नग नशीली दवाओं को जप्त किया गया है।

### 25 से 30 रुपए में बेचते थे एक टैबलेट

बताया जाता है कि पकड़े गए गिरोह के सदस्यों द्वारा जिले सहित आसपास के क्षेत्र में इन दवाइयां की सप्लाई करते थे। जहां उनके द्वारा इस दवाई का इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता था और नशेड़ी युवकों को एक टैबलेट 25 से 30 रुपए में बेचा करते थे। इस गिरोह के पकड़े जाने के बाद इस तरह के और भी गिरोह जो ऐसे काम करते हैं वे अलर्ट हो गए हैं। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से नशीले टैबलेट की जो खेप पकड़ी है उसे ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कई मेडिकल व संस्थान है जो बिना डॉक्टर की पर्ची के ऐसी दवाइयां को बेचने का गोरखधंधा संचालित करते हैं जिसके चलते यह धंधा जमकर फल फूल रहा है। शहर में भी कई गिरोह काम कर रहे हैं जो लगातार ऐसे ही गिरोह से तालुकात रखते हैं।






## खबर संक्षेप

### सतनामी कल्याण समिति के निर्वाचन की घोषणा कल

**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति कोरबा पंजीयन संख्या 2730 के विधिवत चुनाव कराने के लिये समिति की आम बैठक में आरपी खाण्डे को मुख्य चुनाव अधिकारी तथा हरदेव कुर्रे एवं संजय मिरी को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है। समिति के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा 24 अगस्त की शाम 4 बजे सतनाम भवन ट्रांसपोर्ट नगर में आम बैठक आयोजित किया गया है। समिति के समस्त पंजीकृत सदस्यों से अपील की जाती है कि निर्धारित दिनाक और समय पर उपस्थित होकर चुनाव कार्यक्रम में सहयोग करें।

### मनीष केडिया की स्मृति में पाठ्य पुस्तक एवं ड्रेस का किया गया वितरण

**कोरबा।** लायंस क्लब बालको द्वारा स्वर्गीय मनीष केडिया की स्मृति में सेवा कार्य का आयोजन महर्षि वाल्मीकि आश्रम, आई.टी.आई. चौक में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायन विजय अग्रवाल, डिस्ट्रीक्ट गवर्नर एवं वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांतीय उपाध्यक्ष (जसपुर प्रांत) के महेश गुप्ता उपस्थित थे। आश्रम के संरक्षक जी.पी. केडिया के द्वारा बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं ड्रेस का वितरण किया गया। इस अवसर पर डी.के. कुदेशिया, पी.एल. सोनी, लायंस क्लब बालको के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, सचिव अजय कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष हरविंदर सिंह, कैलाश कुमार अग्रवाल, अतुल शाह सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नगर सैनिक भर्ती, चयनित अभ्यर्थियों को उपस्थित होने के निर्देश

**कोरबा।** जिले में छात्रावास ड्यूटी हेतु 65 महिला नगर सैनिक एवं जनरल ड्यूटी हेतु 25 नगर सैनिकों की भर्ती की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 1 से 10 सितंबर तक कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कोरबा में उपस्थिति देने एवं वैध फोटो युक्त परिचय पत्र लाने निर्देशित किया गया है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दीपका इकाई की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**कोरबा।** दीपका इकाई कार्यकारिणी का सफलतापूर्वक गठन किया गया है। नगर में छात्रहित, समाजहित और राष्ट्रहित के कार्यों में नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा। यह कार्यकारिणी छात्रशक्ति को संगठित कर सशक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस दौरान समाज सेवक सत्य प्रकाश मिश्रा, आयुष शर्मा, जिला विस्तारक प्रदीप साहू उपस्थित रहे। जिनकी उपस्थिति में नगर अध्यक्ष सुश्री स्वपना मोदी, नगर उपाध्यक्ष सुश्री कृति बंसल, नगर मंत्री सत्यम शुक्ल, सह नगर मंत्री अंकुश साहू, सुश्री रानी वैष्णो, रिशु कुमार सिंह, नगर कार्यालय मंत्री गोविंद साहू, नगर कोषाध्यक्ष आराधना सिडार, नगर एसएफएस प्रमुख हरमंजीत सिंह, नगर सह एसएफएस प्रमुख कृति मानिकपुरी, नगर एसएफडी प्रमुख आकांक्षा केवृत, नगर सह एसएफडी प्रमुख रोहित यादव, नगर आरकेएम प्रमुख दिशा कश्यप, नगर सह आरकेएम प्रमुखभूमि राज, नगर क्रीड़ा प्रमुख आर्यन मेहता, नगर सह क्रीड़ा प्रमुख, सौरभ पोरते, नगर सोशल मीडिया प्रमुख स्पर्श साहू, नगर स्टूडियो मैट्रिक प्रमुख अमन, नगर एनएसएसए प्रमुख स्मृति पाठक, नगर महाविद्यालय प्रमुख संजना राजपूत, नगर विद्यालय प्रमुख नमन तिवारी, नगर छात्रावास प्रमुख आयुषी उपाध्याय, नगर कार्यकारिणी सदस्य गुनगुन, काजल श्रीवास, मोनू बंसल, देवजीत कौशिक बनाए गए हैं।

### बिंझवार आश्रम में किया ध्वजारोहण

**हरदीबाजार।** बालक बिंझवार आश्रम हरदीबाजार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री डॉ. विजय राठौर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, डॉ. अंबेडकर के तैल्यचित्र पर पूजा अर्चना कर वीर सपूतों को याद किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल महामंत्री हरदीबाजार भाजपा डॉ. विजय राठौर,प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद साहू, आश्रम अधीक्षक संत कुमार पोर्ते, प्रधान पाठक श्रीमती कल्पना राठौर, सोनिया राज, चित्रकला बंजारे, रामबिहारी राठौर, आश्रम के शिक्षक शिक्षिकायें, छात्र व ग्राम के लोग उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती प्रेमलता शर्मा

**कोरबा।** बरपाली के पत्रकार संजीव शर्मा की



माताजी श्रीमती प्रेमलता शर्मा का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार बरपाली स्थित मुक्तिधाम में 23 अगस्त की सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गईं हैं। उनके निधन से परिवार व परिजनों में शोक की लहर है।

### विकास कार्यों का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने उद्योग मंत्री ने दिए निर्देश

# उद्योग मंत्री ने स्लम बस्ती को दी 55 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने दर्री क्षेत्र की स्लम बस्ती को 55 लाख रूपये के विकास कार्यो की सौगात प्रदान की। वार्ड क्र. 60 श्रम नगर प्रगतिनगर मां आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने 5 महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया तथा सोमवार से ही इन निर्माण कार्यो को प्रारंभ करने एवं पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर निगम द्वारा दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र.60 श्रम नगर में डॉ.कश्यप घर से भूषण मेहर घर तक 11 लाख 50 हजार रूपये की लागत से आरसीसी रोड, नाली का निर्माण, इसी वार्ड के श्रम नगर में ही योगेश बरेठ घर से रमेश नवरंग घर तक 11 लाख 80 हजार रूपये की लागत से आरसीसी रोड नाली निर्माण, इसी वार्ड श्रम नगर में ही तारंग घर से प्रभू सतनामी घर तक 9 लाख 50 हजार रूपये की लागत से आरसीसी रोड नाली निर्माण, इसी वार्ड के श्रम नगर बस्ती में ही पप्पू सतनामी घर से प्रजापति घर तक 7 लाख 20 हजार रूपये की लागत से आरसीसी रोड नाली निर्माण का कार्य कराया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 48 मेन रोड दर्री दशहरा मैदान सामुदायिक भवन के पास 15 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण का कार्य होना हैं। वार्ड क्र. 60 श्रम नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मैं सदैव निगम क्षेत्र की जनताजनार्दन व आप सभी के सुख-दुख का साथी रहा हूं तथा आगे भी रहूंगा। आपकी हर समस्या के निराकरण के लिए, आपको सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए, मैं कृत संकल्पित हूं। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित निगम के एमआईसी के सदस्य, पार्षदग सहित अन्य उपस्थित रहे।



भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल उद्योग मंत्री श्री देवांगन, महापौर एवं अन्य।

### कोरबा के विकास के लिए समर्पित हैं उद्योग मंत्री

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन कोरबा के विकास के लिए सदैव समर्पित रहें हैं, जब वे कोरबा के महापौर थे, तो उन्होने एक विकास पुरूष की भूमिका का निर्वहन कर निगम क्षेत्र में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य कराए थे, जिसे आज भी याद किया जाता है। उन्होने कहा कि सहज, सरल स्वभाव के धनी, उद्योग मंत्री श्री देवांगन का कोरबा की जनता से आत्मिक लगाव है तथा वे सदैव लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन कोरबा के विकास के लिए सतत चिंतन करते हैं, शहर व स्लम बस्तियों का समुचित विकास कैसे हो, नागरिकों को सभी सुविधाएं सुगम रूप से मिले, जनता को सड़क, पानी, बिजली, साफ-सफाई जैसी सुविधाओं के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे, इस हेतु वे लगातार विकास कार्यो को गति व दिशा देते हैं।



## महापौर ने श्री रामलला दर्शन के लिए तीर्थ यात्रियों के दल को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने बुधवार को श्री रामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थ यात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए साकेत भवन से रवाना किया। उन्होंने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई तथा तीर्थ यात्रियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहना कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का अवसर प्राप्त हुआ हैं। ईश्वर उनकी यात्रा मंगलमय करें और वे रामलला के चरणों का दर्शन लाभ प्राप्त करें।

प्रदेश सरकार की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत प्रदेश के नागरिकों को अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्री रामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराये जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम की यात्रा के लिये रवाना हुआ है। यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्याधाम पहुंच कर श्री रामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज प्रातः 8 बजे निगम की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी रामकुमार साहू, चेतन सिंह मैत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखा कर तीर्थ यात्रियों की बस को रवाना किया, उन्होने तीर्थ यात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत किया एवं उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी।

## बालको ने मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए समुदाय में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से समुदाय में जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कंपनी की सामुदायिक विकास परियोजना मोबाइल हेल्थ वैन एवं आरोग्य के अंतर्गत छह अलग-अलग स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से समुदाय के 180 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। शिविरों में समुदाय को मच्छर जनित बीमारियों और अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के लिए जागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। महिलाओं और बच्चों के लिए हीमोग्लोबिन परीक्षण कर एनीमिया की पहचान की गई तथा पोषण संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया। मलेरिया की त्वरित जांच द्वारा समय पर उपचार सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण जैसे रक्तचाप, तापमान और अन्य बुनियादी जांच भी की गईं। जागरूकता सत्रों में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वच्छता और मच्छरों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई तथा संवेदनशील परिवारों को मच्छरदानियाँ भी वितरित की गईं। स्वच्छता एवं व्यक्तिगत सावधानियों पर जोर देते हुए कंपनी ने समुदाय में स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा ने अपील करते हुए कहा कि डेंगू और मलेरिया से बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है। यदि हम अपने घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखें और पानी को इकट्ठा न होने दें, तो इन बीमारियों को काफी हद तक रोका जा सकता है। सही समय पर इलाज न मिलने पर डेंगू और मलेरिया घातक साबित हो सकते हैं। समय पर लक्षणों की पहचान और डॉक्टर की सलाह लेना बेहद जरूरी है। बालको अस्पताल समुदाय के स्वास्थ्य के लिए निरंतर सेवाभाव से प्रयासरत है। कंपनी ने अभियान को व्यापक बनाते हुए समुदाय में चलित वाहन तथा कोरबा, चांपा और बिलासपुर रेलवे स्टेशनों पर ऑडियो संदेशों के माध्यम से भी लोगों को मच्छर जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया। बालको की यह पहल जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं का एक उत्कृष्ट प्रयास रही, जिसने लोगों की भागीदारी बढ़ाई और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होने में मदद की।




बीमारियों से बचाव के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान।

## मांझीपारा के विद्यालय को मिला खेवइया, यहां के विद्यार्थी बनेंगे पढ़इया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर से लगभग 80 किलोमीटर दूर पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगा नाला में बड़ी संख्या में मांझी परिवार निवास करते हैं। नाव चलाने, मछली बेचने सहित मजदूरी कर अपना आजीविका चलाने वाले इन परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने शासन ने इनके बसाहट के पास ही प्राथमिक शाला प्रारंभ किया। अन्तिम छोर वाले इस गाँव के पाठशाला में पिछले कई साल से विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से नियमित शिक्षक नहीं थे। शिक्षको की कमी की वजह से माँझीपारा के बच्चों की पढ़ाई तो जारी थी लेकिन उन्हें ऐसा लगता था कि मानो जिस नाव रूपी प्राथमिक शाला में वे सवार है वह मझधार में फंसी हुई है। उन्हें मंजिल तक पहुंचाने एक और खेवइया रूपी शिक्षक की नितांत आवश्यकता है। राज्य शासन की युक्ति युक्तकरण की पहल ग्राम पंचायत डोंगा नाला माँझीपारा के पाठशाला के विद्यार्थियों के लिए बड़ी वरदान बनकर आई। यहाँ एक और शिक्षिका की नियुक्ति हो जाने से मानो स्कूल को एक और खेवइया मिल गया है, जो इन्हें मंजिल तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण मददगार साबित होगा।



माँझीपारा में पांचवीं तक पाठशाला खुले हुए 21 साल हो गए, लेकिन यहाँ बच्चों की संख्या के हिसाब से शिक्षकों की कमी कभी न कभी बनी ही रही। शिक्षको की कमी की वजह से इस स्कूल से वास्ता रखने वाले माँझी जाति के लोगो के बच्चों को समस्या का सामना करना पड़ता था। समस्या सिर्फ यहाँ पढ़ाई करने वाले बच्चों तक की ही नहीं थीं, उनके पालकों की भी थी। उन्हें भी अपने बच्चों के भविष्य की चिंता थी। इस बीच मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर अपनाई गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया से माँझीपारा के प्राथमिक शाला में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के साथ ही स्कूल की भी भाग खुल गई। स्कूल में जहाँ दो नियमित शिक्षक हो गए, वही यहाँ पदस्थ हुई शिक्षिका नई मैडम के रूप में दिन भर विद्यार्थियों के जुबान में बस गई है। पाठशाला खुलते ही मैडम के आने और कक्षा में पढ़ाने की चर्चा तो विद्यार्थी करते ही है, मन लगाकर पढ़ाई भी करते हैं। पाली ब्लॉक के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत डोंगानाला के अंतर्गत अंतिम छोर पर बड़ी संख्या में मांझी परिवार निवास करते हैं। मांझी परिवार के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए नजदीक ही प्राथमिक शाला का संचालन शासन द्वारा किया जाता है। प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक मणिदास मानिकपुरी ने बताया कि विद्यालय वर्ष 2004 से संचालित है।

## कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें विभाग : अजीत वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक माह से अधिक समय के लम्बित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और विभागों को दिए गए निर्देशों के तहत आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सभी विभागों के लिए कैलेण्डर निर्धारित कर कार्यक्रम का आयोजन के निर्देश दिए गये हैं।

कलेक्टर अजीत वसंत ने अटल डिजिटल डैशबोर्ड के अंतर्गत शामिल विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कम केपीआई वाले विभागों को महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, पीएमजीएसवाय, आबकारी, व्यापार एवं उद्योग, श्रम, नगर निगम, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य, खाद्य विभाग, क्रेडा के अधिकारियों को केपीआई के इंडिकेटर्स को ध्यान रखकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग दिए गए डाटा का परीक्षण कर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और प्रगति लाने का कार्य सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विभिन्न पंचायतों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में खाद्यान्न में गबन करने वाले समूह तथा संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए राशि वसूली करने अथवा कुर्की की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश एसडीएम को दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय अंतर्गत आबंटन राशि प्राप्त होने पर संबधित कार्य में राशि व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को पीएम जनमन अंतर्गत कार्यों, अन्य निर्माण कर्यों में प्रगति लाने, भुगतान समय पर करने के संबंध में निर्देश दिए।



## बिना किसान आईडी के नहीं मिलेगा फसल बीमा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फसल बीमा के लाभ लेने के लिए किसानों के पास आईडी होना आवश्यक कर दिया गया है। इसके बिना प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से फसलों के हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति किसानों को नहीं मिल सकेगी। पूर्व में इस तरह के मामले सामने आने पर राजस्व विभाग के सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा ही मिला करता है। किंतु फसल बीमा के लिए आईडी की आवश्यकता कर दी गई है।

**खास बात**

- 6 माह से राजस्व एवं विभाग के द्वारा किया जा रहा किसान आईडी का काम
- जिले में 53 हजार किसान कृषि विभाग के रिकार्ड में हैं दर्ज

बीते 6 माह से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किसान आईडी बनाने का काम राजस्व विभाग और कृषि विभाग के द्वारा संयुक्त रुप से शिविर लगाकर किया जा रहा है। जिले में कृषि विभाग के रिकार्ड में 53 हजार किसान दर्ज है। विभाग ने सभी किसानों के लिए किसान आईडी बनाने के निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी भी कराई गई है और शिविर भी लगाए गए हैं। किंतु किसानों ने पूर्व में इसके लिए जागरुकता नहीं दिखाने के कारण आईडी बनाने का काम रफ्तार नहीं पकड़ा था और अब शासन के निर्देश आ चुके हैं जिन किसानों के पास किसान आईडी नहीं रहेगी उन्हें धान बेचने की भी अनुमति नहीं रहेगी। ऐसे किसान सहकारी मंडी में धान नहीं बेच सकेंगे और न ही उनका पंजीयन होगा और न ऐसे किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलेगा। जब यह कड़े निर्देश विभाग के द्वारा जारी किए गए तब जाकर ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे शिविर में किसानों की भीड़ उमड़ी और किसान आईडी बनाने का काम रफ्तार पकड़ चुका है। पिछले वर्ष किसान अपने मोबाइल एप्प से ही धान बेचने के लिए अपना पंजीयन करा लेते थे। इस बार उन्हें इस व्यवस्था का लाभ नहीं मिलेगा। एग्रोट्रेक पोटर्ल में पंजीयन कराना होगा। तब जाकर किसान धान बेच सकेंगे। इसमें जिन किसानों का आईडी नंबर नहीं रहेंगे उनके पंजीयन निरस्त हो जाएंगे। इस व्यवस्था से अब किसानों को पूर्व की तरह पंजीयन कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। कृषि के क्षेत्र में राज्य शासन के द्वारा लगातार सुधार किये जा रहे हैं। यह उसी का एक हिस्सा है।

### राठौर समाज ने वीर दुर्गादास की मनाई 385वीं जयंती

**कोरबा।** सर्वमंगला पुल के पास वीर दुर्गादास राठौर तिराहा पर स्थापित वीर दुर्गादास राठौर प्रतिमा के समक्ष जिला क्षत्रिय राठौर समाज कोरबा द्वारा वीर दुर्गादास राठौर की 385वीं जयंती पर्व मनाया। क्षत्रिय राठौर समाज के पदाधिकारियों ने दुर्गादास राठौर के प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर दुर्गादास राठौर को याद किया। उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज के अध्यक्ष संतोष राठौर ने बताया कि दुर्गादास राठौर सहनशील, पराक्रमी योद्धा थे। आज मारवाड़ जोधपुर की जो स्थिति है वह सब दुर्गादास राठौर के पराक्रम के परिणाम है। जिन्होंने मारवाड़ राज्य की रक्षा के लिए संपूर्ण जीवन लगा दिया। उनके इसी त्याग व समर्पण के लिए उन्हें संपूर्ण भारत में राष्ट्रवीर के रूप में याद किया जाता है। श्री राठौर ने आगे बताया कि दुर्गादास में बालपन से ही वीरता व आदम्य साहस भरा था। जीवन के अंतिम समय उन्होंने महाकाल की नगरी उज्जैन में बिताया।

## स्वदेशी सुरक्षा व विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार के लिए किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छतीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज द्वारा स्वेदशी जागरण मंच हिन्दू क्रांति सेना-भारत विकास परिषद एवं समस्त व्यापारी संगठन सदस्यों द्वारा अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के मध्य नजर देश में स्वदेशी व्यापार और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम 4 बजे प्रदेश सहित जिले में एक साथ एक ही समय पर छत्तीसगढ़ चेंबर के द्वारा स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वालंबन अभियान का शंखनाद किया गया है।




स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा देने, देश हित में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर किए जा रहे इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ चेम्बर भी अपने जिला में भी ट्रांसपोर्ट नगर चौक में यह आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारियों के द्वारा विदेशी कंपनी बाहर जाओ के नारे लगाए गए। प्रदर्शन में संतोष अग्रवाल, जगदीश सोनी, गजानन्द अग्रवाल, नितिन गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, कमलेश यादव, यूनुस मेमन, एसडी शर्मा, कुवर लाल मनवानी, प्रेम रामचंदानी, नरेश अग्रवाल, रोहिणी सुल्तानिया, शुभम अग्रवाल, राहुल चौधरी, अशोक चौधरी, प्रियक गोयल, अभय बेरीवाल उपस्थित रहे। जिन्होंने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार करने की दिशा में जागरूक करने मे संगठित प्रयास किया गया तथा विदेशी वस्तुओं का पोस्टर जलाकर विरोध किया गया।

### जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत दोंदरों को मिला भारत सरकार से सम्मान

**कोरबा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा कोरबा जिले के ग्राम पंचायत दोंदरों को जलसंरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में सम्मान प्राप्त करने के पश्चात जनपद पंचायत कोरबा सीईओ ने जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया, जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 06 श्रीमती ललिता बलराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य कौशल प्रसाद पटेल, ग्राम पंचायत दोंदरो सरपंच बंधन सिंह कंवर व पूर्व सरपंच श्रीमति उदमबाई कंवर व दोंदरो उपसरपंच श्रीमती प्रमिला मनहरण पटेल सहित अन्य ने कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात की और जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये गये प्रमाण पत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी को बधाई देते हुए कार्यों की प्रशंसा की और शुभकामनाएं दी। जनपद सीईओ सुश्री कौशाम्बी गबेल ने बताया कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रत्येक विकासखण्ड से एक ग्राम पंचायत को जल संरक्षण के उत्कृष्ट कार्य के लिए चयन करने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ था।

## खबर संक्षेप

### पर्पल फेयर का आयोजन आज

**कोरबा।** दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समिति, समेकित क्षेत्रीय केन्द्र सीआरसी, ठाकुरटोला राजनांदगांव द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से पर्पल फेयर का आयोजन 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। यह आयोजन सीनियर क्लब सीएसईबी फुटबॉल मैदान में संपन्न होगा। मेले का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को अपने कौशल एवं प्रतिभा प्रदर्शित करने, कौशल विकास के अवसर प्राप्त करने तथा विभिन्न हितधारकों से जुड़ने का एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि सामाजिक समावेशिता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 6 मवेशियों की मौत



**चैतमा।** नेशनल हाईवे में बैठे छह मवेशियों की एक्सीडेंट में मौत हो गई। इससे पहले भी समाचार पत्र के माध्यम से शासन प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का इन लावारिस मवेशियों के संबंध में समाचार प्रकाशित किया गया था की इनके द्वारा धान का फसल को नुकसान तो रोड में बैठने से वाहन चालकों को भी काफी नुकसान हो रहा है, किंतु इस और किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण बीती रात 6 मवेशी काल के गाल में समा गए। नेशनल हाईवे से कोई भी वीआईपी पर्सन गुजरता है तो पहले से ही कुछ कर्मचारी की ड्यूटी सड़क में विचरण करने वाले मवेशियों को हटाने में लगा दी जाती है ताकि रोड क्लियर रहे। बाकी समय सड़क में जानवरों का जमावड़ा हो जाता है, जिसकी ना कोई देखरेख करने वाला है ना ही कोई उन्हें हटाने के लिए आगे आता है। जिससे आए दिन मवेशी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। मवेशियों को रखने के लिए गौठान का निर्माण कराया गया था, जिसमें लाखों रुपए खर्च हुए थे आज उक्त गौठान या तो विरान पड़ा है या बेजा कब्जा का भेंट चढ़ गया है। वर्तमान सरकार द्वारा गौठान को नया नाम देकर उसे गौशाला बनाया गया है, उसकी देखरेख की जिम्मेदारी कुछ विभाग अधिकारियों को सौंप गई है। ग्रामीणों ने एक बार फिर शासन प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट कराते हुए इन लावारिस घूमने वाले मवेशियों की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। जिससे इनकी जान भी बची रहे और किसानों द्वारा परिश्रम कर लगाए गए धान की फसल की सुरक्षा भी हो सके।

### बुलेरो व टेलर में भिड़ंत, बुलेरो चालक हुआ घायल

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार दीपका बाईपास मार्ग पर गुरुवार रात को टेलर व बुलेरो में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हुई । मिली जानकारी के अनुसार खाली टेलर क्रमांक सीजी 12 एआर 5442 के चालक विजय जगत उम्र 23 वर्ष पोलमी पाली निवासी जो अपनी खाली टेलर को हरदीबाजार से दीपका की जा रहा था जो बाईपास मार्ग में गेवरा दीपका दोनों खदानों के बीच पहुंचा था ठीक दीपका से हरदीबाजार सवारी वाली बुलेरो जिसमें केवल ड्राईवर अमित आदिले उम्र 37 वर्ष पिता जगतराम आदिले निवासी छुरी जो बुलेरो क्रमांक सीजी 12 एआर 1595 को लेकर हरदीबाजार की ओर आ रहा था । बुलेरो व टेलर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हुई जिसमें घटना रात 12.30 बजे की है जिसमें बुलेरो चालक व टेलर चालक दोनों को 108 की सहायता से दीपका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां टेलर ड्राईवर को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी कर दी गई वहीं बुलेरो चालक की रीढ़ की हड्डी में गंभीर रूप से चोट लगने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस घटना में टेलर सड़क से खदान तरफ गिरने से महज 4 फीट ही बचा था कि चालक ने स्टेरिंग मोड़ते हुए ब्रेक लगा दिया । वहीं लोगों का कहना है कि जब से सड़क अच्छी बनी है तब से बड़ी वाहनों सहित चार पहिया व दो पहिया वाहन चालकों की लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हैं कि स्पीड इतनी अधिक होती है कि इस सड़क पे हादसे बढ़ते जा रहे है। यातायात विभाग व स्थानीय पुलिस प्रशासन को इन पर नकेल कसने की जरूरत है।

## जिला अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में दर्ज प्रकरणों की चल रही सुनवाई

# राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले स्व सहायता समूहों पर जांच के बाद शुरु हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पीडीएस दुकानों में राशन वितरण के दौरान पकड़ी गई गड़बड़ी के अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में दर्ज प्रकरणों की सुनवाई के बाद फैसले आने शुरु हो गए हैं। सात स्व सहायता समूहों के खिलाफ कार्यवाही की अनुशंसा की गई है। इसके अंतर्गत पाली क्षेत्र के स्व सहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव सहित तीन अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध थाना में अपराध दर्ज करने के आदेश जारी किए गए हैं।

राशन वितरण में गड़बड़ी और शासकीय राशि के गबन के मामले की शिकायतें अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में पहुंचने के बाद शुरु हुई सुनवाई के बाद अब ऐसे समूहों के विरुद्ध कार्यवाही के अनुशंसा की गई है। जिनके विरुद्ध जिला स्तरीय की गई जांच में शिकायतें सही मिली थी। ऐसे मामलों में महिला स्व सहायता समूह ग्राम पंचायत भी शामिल हैं और इन मामलों को अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में दर्ज कराये जाने के बाद सभी प्रकरणों की सुनवाई चल रही है। सुनवाई के दौरान ऐसे भी प्रकरण सामने आये हैं जिसमें खाद्यान्न का भंडारण किया गया है किंतु मौके पर मौजूद दस्तावेज में हितग्राहियों के वितरण का उल्लेख नहीं है। ऐसे प्रकरणों में 10 से 12 लाख रुपए के गबन के प्रकरणों की जांच की पुष्टि भी हुई है। ऐसे प्रकरणों में शहरी क्षेत्र की तीन पीडीएस दुकानें भी शामिल हैं। जिनके विरुद्ध जिला स्तर पर जांच की कार्यवाही चल रही है तथा सात स्व सहायता समूहों के विरुद्ध कार्यवाही की अनुशंसा किए जाने की जानकारी सामने आई है। इनमें कोरबा विकासखंड के 2, करतला विकासखंड के 3, पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लॉक के एक एक समूह शामिल हैं। इनमें पाली के ग्राम परसदा में महिला समूह के द्वारा पीडीएस दुकानों का संचालन किया जाता था जिनमें गड़बड़ी की शिकायतें मिलने पर पाली एसडीएम के द्वारा जांच कर प्रकरण में दर्ज कर सुनवाई शुरु की गई। जिसमें समूह के अध्यक्ष व सचिव के विरुद्ध 10 लाख रुपए के शासकीय राशि के गबन की पुष्टि हुई थी। जांच के बाद एसडीएम न्यायालय द्वारा समूह के अध्यक्ष व सचिव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये हैं।




फाइल फोटो

### कई दुकानों में स्टॉक पंजी की जांच में खुल रहे मामले

पीडीएस दुकानों का महत्वपूर्ण दस्तावेज स्टॉक पंजी होता है जिसका भौतिक सत्यापन के दौरान तकनीकी गड़बड़ियां सामने आने लगी है, खाद्यान्न का भंडारण तो दर्ज रहता है किंतु वितरण की मात्रा में सामानता नहीं रहने पर गड़बड़ी की पुष्टि होती है। परसदा समूह के खिलाफ जांच के दौरान दुकान में 258.64 क्विंटल चावल, 3.30 क्विंटल शक्कर कम मिली थी। जबकि भंडारण मांग के अनुरुप किया गया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्नों का वितरण ही नहीं किया गया है और रिकार्ड में वितरण बताया गया है।

### एसडीएम न्यायालय से जारी हो रहे एफआईआर के आदेश

पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न वितरण की गड़बड़ी के मामलों की जांच के बाद जिले के सभी एसडीएम न्यायालय में सुनवाई चल रही है और वहां से समूह के खिलाफ एफआईआर के आदेश जारी हो रहे हैं। विभाग के द्वारा भी अपने क्षेत्र में जिला स्तरीय कमेटी गठित कर जांच की जा रही है।

**- घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

## छुरी में 9 करोड़ की जलावर्धन योजना को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरी



नगर पंचायत छुरी में व्याप्त जल संकट से निपटने के लिए जलावर्धन योजना से 9 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। योजना के निर्माण कार्यों का शुक्रवार को विधायक प्रेमचंद पटेल व छुरी नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। नगर के स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन ने पदभार संभालने के बाद जल संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को देते हुए शासन प्रशासन से इसके लिए लगातार पत्र व्यवहार किया था। उनके अथक प्रयासों से स्वीकृत 9 करोड़ 5 लाख की लागत से बनने वाली जल आवर्धन पाइप लाइन का भूमिपूजन शुक्रवार को सागर तालाब पानी टंकी के समीप विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा भूमिपूजन किया गया। परियोजना के पूर्ण होने से नगरवासियों को न केवल स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति होगी, बल्कि सप्लाई व्यवस्था भी अधिक सुगम एवं नियमित हो जाएगी। निश्चित ही यह योजना छुरी नगर की प्रगति और नागरिकों की सुविधा में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, जिला मंत्री संजय शर्मा, अनिल पाठक नगर पंचायत छुरी के पार्षद श्रीमती सुशीला विंझवार, मनोज कुमार विश्वास, बालगोविंद देवांगन, श्याम कुमार साहू, संजू यादव, बाल केवट, जगराम यादव, शुभस जोशी, कामता देवांगन, करुणा शंकर देवांगन, रमेश श्रीवास, तीरथ राम गोंड, होरी चेलकर एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र सिंह राजपूत, नरेश देवांगन, देक्रांत देवांगन, चुन्नीलाल देवांगन, दुर्गा देवांगन, भगत देवांगन, टिकैत डोंगरे, सपुरन दास, गणेश साहू, ठाकुर सहित नगर पंचायत अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## आमजन से रूबरू हुए निगम आयुक्त, समस्याओं की ली जानकारी, निराकरण के दिए निर्देश



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते निगम आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय निगम के अंतिम छोर में स्थित सुदूर ग्राम बस्ती कपाट मुड़ा पहुंचे। वहां पहुंचकर वे आमजन से रूबरू हुए, उनकी सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली एवं उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर अधिकारियों की टीम के साथ नगर निगम के सर्वमंगला नगर जोन की वैशाली नगर, विकास नगर, आनंद नगर, भक्तु दफाई, भैरोताल, कपाट मुड़ा आदि बस्तियों का दौरा किया। उन्होंने वहां की समस्याओं का जायजा लिया, बस्ती के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओ की जानकारी ली। निगम कार्यों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। सर्वमंगला नगर जोन की सुदूर बस्ती कपाट मुड़ा में जिला खनिज न्यास मद से प्राथमिक शाला भवन का निर्माण 13 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निगम द्वारा किया जा रहा है, इसी प्रकार भैरोताल बस्ती में भी जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 50 हजार रुपए की लागत से माध्यमिक शाला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। निगम आयुक्त ने उक्त दोनों निर्माण कार्यों का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। कार्यों की गुणवत्ता व कार्य प्रगति का अवलोकन किया एवं कार्य प्रगति में और अधिक तेजी लाने, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखने तथा समय सीमा में कार्य पूरा कराए जाने के निर्देश निगम के संबंधित अभियंताओं व निर्माण कार्य एजेंसी को दिए।

### निजी भूखंड पर कचरा डंप, नोटिस व अर्थ दंड के दिए निर्देश

आनंद नगर मुख्य मार्ग के किनारे बालाजी दुकान के सामने सड़क के दूसरी ओर स्थित रिक्त भूखंड पर काफी मात्रा में कचरा डंप किया गया है एवं गंदगी फैलाई गई है। आयुक्त श्री पांडेय ने इस पर कार्रवाई करते हुए भूखंड मालिक को नोटिस देने व गंदगी फैलाने पर 5000 रुपये का अर्थ दंड आरोपित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर आयुक्त श्री पांडेय ने निगम के वैशाली नगर एस एल आर एम सेंटर का निरीक्षण किया, उन्होंने डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण कर केंद्र में लाये गए अपशिष्ट के प्रबंधन , सूखा व गीला कचरा के पृथकीकरण एवं केंद्र की विविध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। केंद्र में स्थापित इंसीनेटर तथा इसके माध्यम से ऐसे अपशिष्ट, जो सड़ते गलते नहीं है एवं जिनका रीयूज, रीसायकल नहीं हो सकता, उस अपशिष्ट के समापन की प्रक्रिया को देखा, उन्होंने केंद्र की साफ सफाई, वहां के ब्यूटीफिकेशन एवं केंद्र की व्यवस्थाओं की दुरुस्तगी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

## मुआवजा एवं रोजगार उपलब्ध कराने एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा अर्जित भूमि के एवज में प्रभावित खातेदारों को मुआवजा एवं रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में गुरूवार को ग्राम रिसदी में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर जिला प्रशासन एवं एसईसीएल प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा तन्मय खन्ना के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।

शिविर में जिला प्रशासन से तन्मय खन्ना, एसडीएम कटघोरा तथा अमित केरकेट्टा, तहसीलदार दीपका उपस्थित रहे। एसईसीएल प्रबंधन की ओर से सचिन तानाजी पाटिल, महाप्रबंधक कुसमुंडा, एके राय, महाप्रबंधक (संचालन) एवं केएस चौहान, विभागाध्यक्ष (भूमि एवं राजस्व) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सुबह लगभग 10 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस शिविर में खातेदारों की समस्याएँ सुनी गईं और आवश्यक कार्यवाही की गई। शिविर में हुए प्रमुख कार्य 12 रोजगार नामांकन प्रपत्र वितरित किए गए। 1 प्रकरण में भूमि मुआवजा हेतु दस्तावेज़ जमा हुआ। 12 प्रकरणों में भूमि मुआवजा हेतु नोटिस प्राप्त हुआ। 15 प्रकरणों में फसल मुआवजा हेतु दस्तावेज़ जमा किए गए। 22 प्रकरणों के राजस्व दस्तावेज़ों में सुधार किया गया। 6 फौती नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया। 15 वंशवृक्षों का सत्यापन किया गया। 8 ऋण पुस्तिकाओं में सुधार किया गया। अब तक कुल 168 रोजगारों के एवज में 104 नामांकन प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से 25 प्रपत्र दस्तावेज़ों सहित प्रभावित खातेदारों द्वारा जमा कराए जा चुके हैं। ग्राम रिसदी के ग्रामीणों ने कहा कि संयुक्त शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाया है।

## 166 महतारी सदन की मिली स्वीकृति, 25 सौ वर्गफुट में बनेगा महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से प्रदेश में 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, जिसमें जिले में 8 महतारी सदन की स्वीकृति शामिल है। इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको कामकाज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी। 5 वर्षों में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

## शह और मात के खेल में बाजी आजमा रहे बाजीगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले में शुरु हुई राज्य स्तरीय शंतरज प्रतियोगिता में राज्यभर के खिलाड़ी शामिल हुए हैं। अपने अपने जिलों में शतरंज के खेल में बाजी जीतने वाले बाजीगार तीन दिन तक शह और मात के खेल में बाजी आजमा रहे हैं। जिला शतरंज संघ के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 2 सौ खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं जो यहां से चयनित होकर राज्य स्तरीय के प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

राज्य स्तरीय अंडर 17 और 19 फीडे अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ रेटेड चेस चैंपियनशिप की शुरुआत शहर के सीएसईबी स्थित सीनियर क्लब में हुई। अंडर-17 और अंडर 19 कैटेगरी के चेस खिलाड़ी 22 जिलों से यहां जुटे हैं। 3 दिनों तक चलने वाले चेस चैंपियनशिप में करीब 2सौ महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय रेटिंग वाले खिलाड़ी भी शिरकत कर रहे हैं। कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। जिले में आयोजित राज्य स्तर की प्रतियोगिता में 199 खिलाड़ी हैं। दोनों को मिलाकर महिला पुरुष वर्ग में कुल 6 खिलाड़ी ही आगे चुने जाएंगे। जो राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे।

प्रो.क्र.183/25 प्र.क्र. व्य.वा.क्र. 16/2025
पेशी तारीख-08/09/25

**-:आम ईश्तहार/नोटिस:-**

**न्यायालयः-द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

शुभम मांझी .......... आवेदक/वादी

बनाम्

आयुक्त नगर पालिक निगम वगै...अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त वादी/आवेदक शुभम मांझी उत्तरवादी/प्रतिवादी आयुक्त नगर पालिक वगै के विरूद्ध उत्तराधिकार अधिनियम 372 के वास्ते न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी कोरबा (छ०ग०) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 08.09.2025 तिथि नियत है। अतः उत्तरवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 08.09.2025 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः-अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 19.08.25 को न्यायालय में मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डॉली ध्रुव)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं रमेश कुमार कल्लेत उम्र 46 वर्ष पिता श्री जगदीश जाति घासिया निवासी क्वाटर नंबर 31-8 बांकी कॉलोनी मनोरंजन मंदिर पो. बांकीमोंगरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा छग का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि, मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 07-08-2010 को हुआ है तथा मेरे पुत्र के जन्म के पश्चात उसके नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसका पंजीकरण संख्या 0171720 4001173 पंजीकरण दिनांक 19-02-2014 जारी दिनांक 19-02-2014 है। जिसमें मेरी पुत्र का नाम त्रुटिवश आरव दर्ज है।
3. यह कि, मेरी पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम आरव कुमार है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज आरव के स्थान पर सही नाम आरव कुमार को दर्ज कराना चाहता हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में नाम सुधार किये जाने के संबंध में निष्पादित करता हूं जिसे संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**रमेश कुमार कल्लेत**



## खबर संक्षेप

### कल से विजय शंकर मेहता जश्न रिसॉट में देंगे प्रवचन



**कोरबा।** मातनहेलिया परिवार द्वारा 24 से 30 अगस्त तक पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्ध अंतर्गत संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन राताखार स्थित जश्न रिसोर्ट में किया जा रहा है। सात दिन तक विश्वप्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता एवं जीवन प्रबंधन गुरू पंडित विजय शंकर मेहता (उज्जैन) द्वारा अपने श्रीमुख से कोरबावासियों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। 31 अगस्त को हवन पूजन के साथ कथा को विराम दिया जाएगा। आयोजक राजबीर प्रसाद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, भगवानदास अग्रवाल, राकेश सिंगला, अनिल अग्रवाल एवं श्रीनिवास अग्रवाल ने बताया कि 24 अगस्त की प्रातः 9.30 बजे कथा से पूर्व विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मिशनरोड कोरबा स्थित श्याम मंदिर से कथास्थल जश्न रिसोर्ट तक निकाली जाएगी। भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के निमित्त 25 सितम्बर को जश्न रिसोर्ट में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस अधीक्षक ने 3 निरीक्षक और 1 उप निरीक्षक का किया तबादला

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने प्रशासनिक कसावट लाने के लिए 3 निरीक्षक और एक उप निरीक्षक का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार दर्री थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा को आजाक थाना का प्रभार दिया गया है वहीं बागों थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार वर्मा को दर्री थाना का जिम्मेदारी सौंपते हुए रक्षित केंद्र कोरबा से निरीक्षक नागेश तिवारी को बागों थाना का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार सिविल लाईन थाना रामपुर में पदस्थ उप निरीक्षक महासिंह ध्रुव को थाना कोतवाली भेजा गया है।

### डोमार समाज कल्याण समिति का विशाल रक्तदान शिविर कल

**कोरबा।** सामाजिक संस्था संत सुदर्शन डोमार समाज कल्याण समिति एवं बालाजी ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में 24 अगस्त को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजन संस्था के प्रमुख चौधरी अशोक मलिक ने आमजन से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### आदि कर्मयोगी अभियान चलाने की तैयारी

**कोरबा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वर्तमान में कैडर आधारित मॉडल के माध्यम से, जो कि भागीदारी योजना निर्माण एवं अंतर विभागीय अभिसरण पर आधारित है आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है, ताकि उत्तरदायी शासन को संस्थागत रूप दिया जा सके एवं आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित किया जा सके। इस अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष सेवा अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान जनजातीय परिवार के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित किये जायेंगे। कोरबा जिले में इस अभियान को सफलता पूर्वक संचालित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को जिला नोडल अधिकारी तथा सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है।

### नाले में मिला ग्रामीण का शव, पुलिस जुटी जांच में

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम तानाखार में शुक्रवार की सुबह नाले में तैरता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय ग्रामीण और सरपंच को जब इसकी सूचना मिली तो मौके पर पहुंच कर मृतक की पहचान पोड़ी उपरोड़ा निवासी इकाराम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार इकाराम राज मिस्त्री का काम करता था। परिजनों ने बताया कि इकराम 19 अगस्त को अपने ससुराल तानाखार गया हुआ था और बुधवार की शाम इकराम घर से खेत के लिए नाले की ओर निकला था, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने नाले में उसका शव देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला और पंचनामा व शिनाख्ती की कार्यवाही की गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### हत्या के आरोपी को सजा मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस का जताया आभार

**कोरबा।** पिछले साल फरवरी माह में थाना करतला क्षेत्र के ग्राम नवाडीह में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया था। मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। जिसपर न्यायालय ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाया। पीड़ित परिवार एवं ग्राम नवाडीह के ग्रामीणों की ओर से प्रकरण में खुलासा करने एवं दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पुलिस का आभार जताया है। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं पीड़ित परिवार ने मिलकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पूरी पुलिस टीम का आभार जताया है। इस दौरान ग्रामवासियों ने कहा कि इस मामले में पुलिस की तत्परता और निष्पक्ष कार्यवाही से क्षेत्र में कानून पर जनता का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है।

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले जुटे अधिकारी कर्मचारी

# सरकारी दफ्तरों में लटके रहे ताले, स्कूलों में शिक्षकों के नहीं पहुंचने पर छुट्टी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डीईओ कार्यालय में लगा ताला।


धरना स्थल में उपस्थित संघ के अधिकारी कर्मचारी

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आहवान पर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का असर सरकारी दफ्तरों से लेकर शिक्षण संस्थानों में भी नजर आया। जब सरकारी दफ्तरों में ताले लटके रहे तो वहीं स्कूलों में शिक्षकों के नहीं पहुंचने पर छुट्टी का माहौल रहा। आईटीआई चौक में फेडरेशन के बैनरतले सैंकड़ों कर्मचारी धरने में जुटे रहे।

**खास बात**
- 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आईटीआई चौक में दिनभर चला धरना

पिछले एक पखवाड़े से अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन से एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुक्रवार को आहूत की गई। जिसके लिए एक सप्ताह से फेडरेशन के सदस्य सभी सरकारी दफ्तर, शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर वहां के अधिकारी कर्मचारियों से हड़ताल में शामिल होने पत्र भरवाते रहे। शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे से अधिकारी कर्मचारी के बैनरतले जिलेभर के कर्मचारी जिसमें शिक्षक और लिपिक वर्ग भी शामिल था। सभी आईटीआई चौक में जुटने लगे थे। सुबह 10 बजे हमेशा की तरह खुलने वाले सरकारी दफ्तर नहीं खुले, दफ्तर के दरवाजों में ताला लटका हुआ था, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा विभाग जैसे कलेक्ट्रेट परिसर में चलने वाले दफ्तर जहां हमेशा भीड़भाड़ नजर आती थी वहां शुक्रवार को सन्नाटा पसरा हुआ था। मेन गेट में ताला लटका देख दफ्तरों में अपने काम से पहुंचने वाले लोगों को बैरंग लौटते भी देखा गया। इसी तरह कलेक्टर परिसर के अंदर मिशल शाखा में जहां जमीन के नकल लेने के लिए सुबह 10 बजे से आवेदन देने वालों की कतार लग जाती थी वहां भी सन्नाटा पसरा हुआ था। आदिमजाति कल्याण विभाग से लेकर खाद्य विभाग, सांख्यिकी विभाग में कर्मचारी नजर नहीं आये। सभी कर्मचारी आईटीआई चौक में चल रहे धरने में जुटे रहे। शाम 4 बजे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। धरने को कर्मचारी नेता जेपी खरे, ओमप्रकाश बघेल आदि कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

**महिला शिक्षक की उपस्थिति रही कम**

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आईटीआई चौक में चल रहे धरना में महिला शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर चर्चा सरगर्म रही। शहर के विभिन्न आवासीय परिसरों में निवासरत महिला शिक्षक जो शहर से 30 से 35 किमी दूर स्कूलों में जाकर अपनी सेवाएं देती हैं वे शुक्रवार को महज 2 से 3 किमी दूर जिला मुख्यालय में चल रहे धरने में नहीं पहुंची। इस बात का उल्लेख कर्मचारी नेताओं ने अपने उद्बोधन में किया।

**संविदा कर्मचारी रहे दफ्तर में**

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के हड़ताल से संविदा व अनियमित कर्मचारी दूरी बनाए हुए थे। इन दो संवर्ग के कर्मचारी अपने अपने दफ्तरों में हमेशा की तरह काम करते नजर आये। जिला पंचायत के मनरेगा शाखा, पीएम आवास शाखा, एनआरएलएम ऐसे दफ्तरों में कर्मचारी प्रतिदिन की भांति काम कर रहे थे। इसी तरह कलेक्टर के विभिन्न शाखा में काम करने वाले अनियमित कर्मचारी भी हड़ताल से दूरी बनाए हुए थे।

# 2045 लीटर शराब पर चलाया गया जेसीबी, किया गया नष्ट


नष्ट की गई शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के विभिन्न थाना व चौकी पुलिस द्वारा जप्त किए गए अवैध शराब के प्रकरणों में 2045 लीटर शराब का पुलिस लाइन में नष्टीकरण करने की कार्यवाही की गई।

पुलिस लाइन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज न्यायालय से निराकृत 222 प्रकरणों में जप्त लगभग 2045 लीटर मदिरा का विधिवत नष्टीकरण किया गया। इन प्रकरणों में जब्त की गई मदिरा में 1048.91 लीटर महुआ शराब, 334.76 लीटर देशी शराब एवं 421 लीटर अंग्रेजी शराब 13 बियर कीमत लगभग 11 लाख रुपए का सम्मिलित है। सबसे अधिक 73 प्रकरण थाना पाली तथा 33 प्रकरण थाना कोतवाली से संबंधित हैं, शेष प्रकरण जिले के अन्य थानों से प्राप्त हुए हैं। कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त प्रमाण-पत्र के आधार पर, यह नष्टीकरण पूरी पारदर्शिता एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जिले में पुलिस द्वारा जुन 2025 मे जप्त शराब करीबन 9911 लीटर महुआ देशी व विदेशी शराब, 852 लावारिस वाहनों की नीलामी एवं 652 विसरा प्रकरणों का भी विधिवत नष्टीकरण किया जा चुका है। इस प्रकार की कार्रवाई से थानों में वर्षों से संग्रहित अनुपयोगी जप्त मदिरा के व्यवस्थित निपटान में सहायता मिली है। यह न केवल कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करती है बल्कि थाना परिसरों में स्वच्छता, स्थान की उपलब्धता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे कार्यरत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनता है। जिला पुलिस द्वारा थानों को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं उत्तरदायी बनाए रखने की दिशा में इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर रूप से की जाती रहेगी।

# बारिश की रफ्तार कम होते ही बांगो बांध के हाईडल की रफ्तार भी होने लगी कम


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शुरुआती दिनों में बारिश ने जमकर अपना रौद्र रूप दिखाया था और झमाझम लगातार बारिश भी हुई थी जिसका असर देखने को मिला था कि बांगो बांध बहुत तेजी से भरने के करीब पहुंच गया था लेकिन अब एक बार फिर से बारिश थम सा गया है जिसके चलते बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार जहां शुरुआती दिनों में बहुत तेजी से बढ़ा दी गई थी तो वहीं अब बांध में पानी आने का सिलसिला कम होते ही हाइडल की रफ्तार धीरे-धीरे कम की जा रही है। यदि अब बारिश नहीं हुई तो बांध का भर पाना भी संभव नजर नहीं आ रहा है।

**खास बातें**
- 79.76 फीसदी बांगो बांध में भरा है पानी
- 52 घंटे से कम कर 44 घंटे में लाया गया हाईडल को

उल्लेखनीय है कि गर्मी के सीजन में बांगो बांध के हाइडल प्लांट को चलाकर खेती किसानी के लिए भरपूर पानी दिया गया था। जिसके चलते जून के महीने में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 25 फीसदी तक जा पहुंचा था जिससे जल संसाधन विभाग की चिंता बढ़ गई थी लेकिन बारिश से शुरुआती दिनों में ही बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में झमाझम बारिश हुई थी और बांध में बहुत तेजी से पानी आना शुरू हुआ था। जिसके चलते बांगो बांध बहुत तेजी से भरने लगा था और लगभग 80 फ़ीसदी के करीब जा पहुंचा था और किसानों द्वारा खेती के लिए पानी की डिमांड आने पर पिछले कुछ दिनों से लगातार बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जा रही थी। लगभग 60 घंटे तक कर दिया गया था लेकिन अब बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बारिश बिल्कुल ना के बराबर हो रही है और खेती किसानी के लिए पानी की डिमांड भी कम हो गई है। जिसका असर अब सीधा बांगो बांध में देखने को मिल रहा है। हालांकि अभी बांध में 79.76 फीसदी 356.13 मीटर पानी भरा हुआ है लेकिन बताया जाता है कि शुक्रवार को बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 52 घंटे से घटाकर 44 घंटे कर दी गई है। जिससे 55 सौ क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को माने तो आने वाले दिनों में हाईडल प्लांट की रफ्तार और कम की जाएगी।

# भारी वाहनों, ड्रिंक एंड ड्राइव और बिना नम्बर बाइक पर गिरी गाज़


कार्यवाही करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आगामी गणेशोत्सव और त्योहारी सीज़न को ध्यान में रखते हुए कटघोरा पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत बनाने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में शहर के भीतर घुस रहे 16 ट्रेलरों, 2 ड्रिंक एंड ड्राइव मामलों और 10 बिना नम्बर की मोटरसाइकिलों पर चालानी कार्रवाई की गई।

**खास बात**
- गणेशोत्सव से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

कटघोरा थाना प्रभारी ने बताया कि यह पूरी कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नितीश ठाकुर और कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में की गई।

गणेशोत्सव के दौरान शहर में भीड़ का माहौल बना रहता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने शहर के भीतर बेख़ौफ़ प्रवेश कर रहे भारी वाहनों पर शिकंजा कस दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इन वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश से रोकते हुए उन्हें बायपास मार्ग से आने-जाने की सलाह दी जा रही है। कार्रवाई के दौरान दो वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा गया, जिन पर सख्ती से चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, बिना नम्बर प्लेट और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली मोटरसाइकिलों को भी पुलिस ने जब्त करते हुए चालान किया।

**नो एंट्री लागू करने की मांग**

थाना प्रभारी ने बताया कि नगर में सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू करने की मांग जिला प्रशासन से की गई है। उनका कहना है कि शहर के भीतर बड़े वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है, जिसे रोकने के लिए यह कदम आवश्यक है। गणेश पूजा और आगामी त्योहारी सीजन में शहर की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पुलिस की यह सख़्ती आगे भी जारी रहेगी। थाना प्रभारी ने साफ़ किया कि बिना नम्बर वाहन, मॉडिफाइड साइलेंसर और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर किसी भी हाल में ढील नहीं दी जाएगी।

# महापौर, आयुक्त, सभापति सहित महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केन्द्र सरकार की योजना वोमेन फार ट्री के तहत शुक्रवार को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने निगम के सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। वहीं समूह की सदस्य महिलाओं ने इन पौधों के संरक्षण, संवर्धन व देखरेख किए जाने का संकल्प लिया।

केन्द्र सरकार के योजना अमृत 2.0 मिशन के तहत वोमेन फार ट्री पहल अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं महिला भागीदारी को इस कार्य में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, जो भारत सरकार की एक पेड़ माँ के नाम मुहिम से प्रेरित है। इस पहल के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह को पौधा रोपण, उनकी देखभाल व संरक्षण व इसके प्रति जागरूता जैसे कार्यो से जोड़ा गया है, इस योजना का प्रमुख उद्देश्य महिला स्वसहायता समूहों को वृक्षारोपण, उनकी निगरानी, संरक्षण, संवर्धन आदि में सक्रिय रूप से शामिल करना आदि शामिल है। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत इस पहल के अंतर्गत 2100 पौधे लगाए जाने हैं, जिनके लिए निगम क्षेत्र में 5 स्थलों का चयन किया गया है, इन स्थलों पर महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम के सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय परिसर में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ-साथ महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण किया। इन पौधों के संरक्षण व संवर्धन का कार्य त्रिवेणी महिला महिला स्वसहायता समूह, जय चन्द्रहासिनी महिला स्वसहायता समूह, जय माँ लक्ष्मी स्वसहायता समूह आदि के द्वारा किया जाएगा।

### 11वां श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव,भक्ति और सेवा का संगम बनेगा बुंदेली का दरबार

**रजगामार।** ग्राम बुंदेली स्थित श्री श्याम अखाड़ा परिसर में इस वर्ष का 11वां भव्य महोत्सव 30 अगस्त को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव में भक्ति के साथ-साथ मानव सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजक समिति ने जानकारी दी कि कार्यक्रमों की शुरुआत अखण्ड ज्योत प्रज्वलन से होगी, इसके बाद चुनरी उत्सव, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, दरबार सेवा जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। भक्तों के लिए श्री श्याम रसोई की व्यवस्था की गई है, जिससे हर आगंतुक को बाबा का प्रसाद उपलब्ध होगा। समिति का कहना है,मानव सेवा ही माधव सेवा है, यही हमारे आयोजन की मुख्य भावना है। जिसमें पूजा नथानी, शिवम अग्रवाल, विनय अग्रवाल, लव अग्रवाल, यश लाडिया शामिल होंगे। इसके अलावा श्री बालाजी सेवा संघ, ग्राम बुंदेली एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में 2 सितंबर को विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।







